हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 फरवरी 2026

06 स्वास्थ्य केंद्र में मातृ-शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित



09 समिति के पदाधिकारी लोगों से अंशदान...





## खबर संक्षेप में



### समस्त मतदान केंद्रों पर मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**नलखेड़ा।** जनसंघ के संस्थापक व भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि नलखेड़ा मंडल के समस्त मतदान केंद्र पर मनाई गई। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने देते हुए बताया कि एकात्म मानववाद के प्रणेता जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि बुधवार को नलखेड़ा मंडल के समस्त मतदान केंद्रों पर मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेन बसेरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया



**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर में आगामी विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्टर प्रीति यादव ने मंगलवार को स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंदिर परिसर में प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा, भूमि की उपलब्धता तथा निर्माण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा ईई पीडब्ल्यूडी ईई आरईएस.एवं आर्किटेक्ट के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रस्तावित प्लान के अनुरूप सभी विकास एवं निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर द्वारा मंदिर परिसर में पार्किंग व्यवस्था बढ़ाने श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पारदर्शिता एवं समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान एसडीएम सर्वेश यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आधा सैकड़ा नागरिकों की समस्याएं


**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. और जिपं सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 50 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय महोत्सव प्रारंभ

# बाबा गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर हुई हल्दी रस्म, महिलाओं ने बाबा को लगाया हल्दी उबटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा









महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय महोत्सव प्रारंभ हो गया। बुधवार को महादेव मंदिर पर हल्दी की रस्म हुई। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ को हल्दी उबटन लगाया तथा मंगल गीतगान किया। श्री गुप्तेश्वर महादेव भक्त मंडल के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर बाबा गुप्तेश्वर महादेव के विवाह के अवसर पर पांच दिवसीय महोत्सव बुधवार से प्रारंभ हुआ। जिसके अंतर्गत विवाह की सभी रस्में निभाई जाएंगी।

बुधवार दोपहर 3 बजे हल्दी की रस्म निभाई गई। बड़ी संख्या में नगर की महिलाओं ने हल्दी रंग के पीले वस्त्र धारण कर भगवान गुप्तेश्वर महादेव के मुखोटे को हल्दी उबटन लगाकर मंगल गीत गाए। वहीं भगवान को हल्दी लगाने के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को भी हल्दी उबटन लगाया गया। बाबा को हल्दी लगाने में पुरुष भक्त भी पीछे नही रहे। बड़ी संख्या में पुरुषों ने भी बाबा को हल्दी लगाई गई। इस मौके पर भक्त मंडल द्वारा प्रसादी का वितरण किया गया। हल्दी रस्म के पूर्व नगर विभिन्न मोहल्लों से बड़ी संख्या महिलाएं हाथों में हल्दी उबटन थाल लिए ढोल ढमाकों के साथ चल समारोह के रूप में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। इस दौरान महिलाएं नृत्य करते चल रही थी।

### महिला संगीत व पसी का कार्यक्रम भी होगा

*गुरुवार को दोपहर 3 बजे मेहंदी रस्म होगी जिसमें महिलाओं द्वारा बाबा को मेहंदी लगाई जाएगी। पांच दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत महिला संगीत व पसी का कार्यक्रम भी होगा। 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर प्रातः 5.30 बजे बाबा की वर निकासी एवं दोपहर 3 बजे बाबा की बारात धूमधाम से नगर में निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जाकर विद्युत रोशनी से जगमगाया जाएगा। भक्त मंडल द्वारा इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।*

## 'एक गांव एक कृषि उद्योग स्थापना' की समीक्षा बैठक आयोजित

# जिले में नवीन उद्योग स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



जिले में नवीन उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उद्योग स्थापित करने में हितग्राहियों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

उक्त निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को आयोजित एक गांव एक कृषि उद्योग स्थापना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक गांव में स्थानीय संसाधनों पर आधारित कृषि उद्योग स्थापित करने हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाए। शासन की स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ते हुए इच्छुक हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने जिला प्रबंधक लीड बैंक श्रीकांत सक्सेना को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को बैंकों से ऋण सुविधा सरलता से उपलब्ध हो तथा प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। कलेक्टर ने पशुपालकों को देशी मालवी नस्ल की गायों से प्राकृतिक ए-2 घी तैयार कर अधिक मूल्य अर्जित करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को प्राकृतिक, देशी एवं रसायनमुक्त चारा एवं पशुआहार प्रदान कर प्रोटीनयुक्त, पौष्टिक एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला ए-2 घी तैयार किया जा सकता है, जिससे आय में वृद्धि होगी।

### विभागों की प्रगति की समीक्षा

बैठक में उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग विजय चौरसिया ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी कि प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जिले में 20 बायो रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, ह्यूमिक एसिड, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी एवं पंचपर्णी जैसे जैविक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही गोबर क्रय कर गौशालाओं को आर्थिक लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिला परियोजना अधिकारी (म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) संजय सक्सेना ने बताया कि जिले में 157 उद्योग स्थापित किए गए हैं, जिनकी कुल लागत 171.82 लाख रुपये है तथा 71 लाख रुपये की शासकीय सहायता प्रदान की गई है। ग्राम आवर एवं पालखेड़ी में पशु आहार निर्माण इकाइयां स्थापित की गई हैं।

हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। हवाबाई ने जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटीन से प्रतिमाह 5 से 7 हजार रुपये की आय होने की जानकारी दी तथा भविष्य में भोजन एवं नाश्ता विक्रय प्रारंभ करने की योजना बताई। पशुपालन विभाग के हितग्राही श्याम यादव एवं दिलीप तंवर द्वारा 100-100 बकरियों की इकाई स्थापित कर बकरी पालन व्यवसाय प्रारंभ किया गया है। उद्यानिकी विभाग की एमएसएमई योजना अंतर्गत अनिता पाटीदार एवं दिनेश कुमार द्वारा आटा मिल एवं ऑयल मिल स्थापित की गई है, जहां आटा, तेल एवं खली का उत्पादन किया जाएगा। पीएमआरडीसी के विनय तोमर ने औद्योगिक क्षेत्र में प्लांट आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया एवं मैकन आलू प्रोसेसिंग यूनिट के शीघ्र स्थापना की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले के समग्र आर्थिक विकास के लिए स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापना को प्राथमिकता दी जाए तथा हितग्राहियों को समयबद्ध सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में परियोजना अधिकारी जितेंद्र सिंह सेंगर, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी सुरेंद्र यादव, जिला प्रबंधक उद्योग विभाग राम सोलंकी, कुलदीप यादव, डॉ. अंकित जैन (पशुपालन विभाग) सहित कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने जारी किया आदेश

# परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारकों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने अनुविभागीय दंडाधिकारी आगर-बडौद मिलिंद ढोके ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व से परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा केंद्रों से 100 गज की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश एवं अवांछनीय गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों जैसे लाउडस्पीकर एवं डीजे के उपयोग को नियंत्रित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 (यथासंशोधित) के तहत निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य रहेगा। नियमों के अनुसार औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय एवं साइलेंस जोन के लिए दिन एवं रात्रि की ध्वनि सीमा निर्धारित है, जिसका सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। विवाह समारोह, धार्मिक आयोजन अथवा अन्य कार्यक्रमों में डीजे एवं लाउडस्पीकर का उपयोग निर्धारित ध्वनि सीमा में तथा संबंधित तहसीलदार आगर/बडौद से विधिवत अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही किया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश 10 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा।

## जिले में शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे सभी पर्व



**सीहोर।** आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्योहारों को हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक मनाने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर सीहोर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोहों के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एएसपी सुनीता रावत ने समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की तथा सभी पर्वों पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, एआई सिद्दीकी, सुनील दुबे, तोसिफ सईद, अब्दुल अजीद चाचा, मोहम्मद इरशाद, अजहर सईद, पंकज शर्मा, रवि पांडे, विमल जैन, जेपी शर्मा संयुक्त कलेक्टर जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी अभिनंदना शर्मा सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मॉकड्रिल: जमोनिया तालाब पर बचाव कार्य के लिए पहुंची रेस्क्यू टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



मंगलवार को जमोनिया तालाब के पास मौजूद लोगों में उस समय हड़कंप मच गया, जब तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार व्यक्ति पानी में हाथ-पैर मारते हुए मदद के लिए पुकार रहा था। वहीं तालाब के दूसरे छोर पर बने एक छोटे टापू पर कुछ लोगों के फंसे होने की खबर से स्थिति और गंभीर हो गई। इस घटना की सूचना लोगों ने तत्काल प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही कलेक्टर बालागुरू के., जिला प्रशासन, एसडीईआरएफ, एनडीआरएफ एवं होमगार्ड की संयुक्त रेस्क्यू टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हुईं। कुछ ही देर में मोटर बोट, रेस्क्यू उपकरण और गोताखोरों के साथ बचाव दल तालाब में उतर गया। डीप डाइविंग तकनीक का उपयोग करते हुए पानी में डूबे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं टापू पर फंसे लोगों तक मोटर बोट के माध्यम से पहुंचकर उन्हें लाइफ जैकेट पहनाई गई और सुरक्षित किनारे तक लाया गया। पूरे घटनास्थल पर बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित होता रहा, जिसे देख मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल यह पूरा घटनाक्रम शासन के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित वृहद मॉक ड्रिल का हिस्सा था।

## कलेक्टर ने पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण किया

# कृषकों को केंद्रों पर अनावश्यक परेशानी न हो पंजीयन सरल और सुगमता से हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



रबी उपार्जन वर्ष-2026-27 अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषकों के पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो चुके हैं। पंजीयन केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा एवं पारदर्शी व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को पंजीयन केन्द्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था एवं विपणन सहकारी संस्था आगर का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने केन्द्रों पर पंजीयन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कृषकों से संवाद कर पंजीयन प्रक्रिया से संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पंजीयन के लिए आने वाले कृषकों को केन्द्रों पर अनावश्यक परेशानी न हो, पंजीयन सरल और सुगमता से हो। पंजीयन कार्य समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जाए, आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने पंजीयन में लगने वाले समय और अब तक किये गए पंजीयनों की भी केन्द्रों पर जानकारी ली। साथ ही पंजीयन तिथि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल, जिला प्रबंधन नागरिक आपूर्ति निगम अभय जैन आदि मौजूद रहे।

## 98 केंद्रों पर 15892 परीक्षार्थियों ने दिया अंग्रेजी का पर्चा

# 12वीं बोर्ड परीक्षा की शांतिपूर्ण शुरुआत, पहले दिन जिलेभर में नहीं मिला कोई भी 'मुन्नाभाई'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। जिले के सभी 98 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन अंग्रेजी विषय का पेपर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन की सख्ती और इंतजामों का असर यह रहा कि परीक्षा के पहले ही दिन पूरे जिले में एक भी नकल का मामला सामने नहीं आया।

परीक्षा के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आला अधिकारी खुद मैदान में नजर आए। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 01 का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा संचालन की बारीकियों को देखा और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बिना किसी डर के परीक्षा दें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर भी उनके साथ मौजूद रहे।

**हाईटेक रही प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा :** इस बार प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। सुबह थानों से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रश्न-पत्र निकाले गए और मोबाइल एप के माध्यम से इसकी जानकारी तत्काल बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड की गई। जिला और विकासखंड स्तर के निरीक्षण दलों ने दिनभर विभिन्न केंद्रों का दौरा कर सघन चेकिंग की। जिला शिक्षा विभाग से जारी जानकारी के अनुसार पहले दिन जिले के पांचों विकासखंडों में कुल 16083 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 15892 उपस्थित रहे और 191 अनुपस्थित पाए गए। विकासखंडवार स्थिति देखें तो सीहोर में 5582 दर्ज में से 5527 उपस्थित 55 अनुपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुष्प प्रदर्शनी 14 एवं 15 फरवरी को

**देवास।** गार्डन एसोसिएशन देवास की पुष्प प्रदर्शनी लगने वाली है पुष्प प्रेमीजन उसकी बाट जोहते रहते है। बात सही भी है अपने अपने बगीचों में फूलों के पौधों को लगाना, उन्हें बढा करना कोई आसान काम नहीं है। हर वर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह में बगीचों लगे फूलवाले पौधों में प्रदर्शनी में रखने लायक फूल आए यह तो और भी मुश्किल काम है। पौधे उगाना एक कला है, कला के साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी है। परंतु करने वाले यह मुश्किल काम साल दर साल करते आ रहे है, जो उनकी लगन, मेहनत का ही परिणाम है। इस वर्ष भी प्रदर्शनी में गुलाब, डेहलिया, सेवंती, तरह तरह के मौसमी फूल, केक्टस, क्रोटन, विभिन्न किस्मों के हाउस प्लांट, अलग अलग आकार देकर बनाए हुए पौधे, बोंसाई किए हुए पौधे और विशेष रूप से अमिताभ तिवारी के बोंसाई पौधों के मिनिएचर गार्डन जो हमें देवास में सहज ही देखने को मिल जाते है। इन मिनएचर गार्डन्स को अभी सोशल मीडिया पर देशभर में लोग बड़ी संख्या में देख रहे हैं, प्रशंसा कर रहे है। यह सभी मिनिएचर गार्डन इस वर्ष की प्रदर्शनी में रहेंगे। गार्डन्स एसोसिएशन अपनी दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर में करने जा रहा है शनिवार 14 फरवरी को पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधीश ऋतुराजसिंह (आएएस) द्वारा होगा। रविवार 15 फरवरी को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार (आएएस) पुरस्कार वितरण करेंगे।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक आयोजित

# पशु पालन विभाग के एडीओ निलंबित, सीईओ जनपद खातेगांव का वेतन काटने दिए निर्देश

### सभी एसडीएम और तहसीलदार को जिले में एग्रीस्टैक का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

कलेक्टर सिंह ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम गर्भाधान योजना की विकासखण्डवार समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। समीक्षा में खातेगांव में बहुत कम प्रगति पाई गई। जिसपर कलेक्टर सिंह ने पशु पालन विभाग के एडीओ बाल कृष्ण यादव को निलम्बित करने के निर्देश दिये एवं सीईओ जनपद खातेगांव अभिषेक कटारिया को दो दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सहाकारिता विभाग अंतर्गत किसानों को वितरित किये जा रहे माईक्रो एटीएम की जानकारी लेकर निर्देश दिये कि किसानों को माईक्रो एटीएम के संबंध में जागरूक किया जाये और उन्हें माईक्रो एटीएम में लाभ बताये। कृषि एवं अकृषि ऋण स्वीकृति एवं वसूली की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान बताया किया पेक्स में ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिले में एग्रीस्टैक का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। भविष्य में किसानों को खाद वितरण और केसीसी बनाने जैसे कार्य इसके आधार पर ही होंगे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि जिले में जहां पर भी जल स्त्रोतों पर अतिक्रमण है वहां जल स्त्रोतों को अधिग्रहित करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि गोपेश पाठक को निर्देश दिये किसानों को सरसों की फसल के लिए प्रेरित करें। किसानों को पारंपरिक खेती से केला और अन्य आधुनिक खेती की ओर प्रेरित करें। खेती की मिट्टी परीक्षण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाये। किसानों को खेती में सिंचाई के लिए ड्रीप स्प्रिंकलर और मिनी स्प्रिंकलर का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें और पंजीकृत किसानों को प्रमाण-पत्र दें एवं पंजीकृत किसानों के उत्पादों के विक्रय के लिए योजना बनाने के लिए कार्य करें, ताकि किसानों के उत्पाद आसानी से विक्रय हो सकें। नरवाई प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिये कि जिले में कही भी नरवाई नहीं जलनी चाहिए। नरवाई जलने की सूचना पर सभी संबंधितों पर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर सिंह ने मण्डी में ग्रेडिंग, सोर्टिंग और पैकेजिंग मशीन शीघ्र स्थापित करने के निर्देश दिये। बागली मण्डी में कम शुल्क आने पर एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि फसल गिरदावरी का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, जिससे किसानों को पंजीयन कराने में आसानी हो। कलेक्टर ने जिले में चलाये जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा कर निर्देश दिये अभियान के प्रथम चरण में 15 फरवरी तक घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र करने का कार्य करें। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अधिकारियों का निर्देश दिये कि अभियान में विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का सभी पात्र नागरिकों को लाभ दिलाये। टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर जिला अधिकारियों को टीएल प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाइन, सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, समाधान ऑनलाइन, न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण के निर्देश दिए। सिंह ने सीएम हेल्प लाइन पर लम्बित शिकायतों की समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर लम्बित शिकायतों को निराकरण प्राथमिकता से करें। सीएम हेल्पलाइन पर कोई भी शिकायत नॉन अटेंडेंट नहीं रहनी चाहिए। शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए।

# शातिर वाहन चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ आरोपी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में चोरी,नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने एवं उक्त घटनाओं में संलिप्त आरोपियो को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्दिशित किया गया है । इसी क्रम में 31 जनवरी को फरियादी ने चौकी चौबाराधीरा पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इकलेरा माता मंदिर की पार्किंग में रखी उसकी मोटरसाईकिल वाहन क्रमांक MP41NG 5006 को कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है । रिपोर्ट पर से थाना पीपलरावां पर अपराध क्रमांक 31/2026 धारा 303 (2) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरा चेक किये गये । जिसमें आरोपी के द्वारा घटना कारित कर भागना कैद हुआ । सीसीटीव्ही फुटैंज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी मिथुन पिता अंबार राम हाड़ा उम्र 26 साल निवासी पीपलरावां , उमेश पिता बने सिंह हाड़ा उम्र 26 साल निवासी पीपलरावां को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल वाहन को जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम,उनि अरुण पिपल्दे चौकी प्रभारी चौबाराधीरा, प्रधान आरक्षक महेंद्र राव, आरक्षक राजकुमार पटेल, बलराम, जसवीर, योगेश, मनोज, अजय, चालक देवेंद्र की सराहनीय भूमिका रही ।

# चंद घंटों में मंदिर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



जिले के भौरांसा थाना क्षेत्र के ग्राम बुधासा में स्थित श्री देवनारायण भगवान के मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने महज 16 घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। आरोपी के पास से धातु के दो रानी हार और दान पेटी से चुराई गई नकदी समेत कुल 5,891 रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। घटना 10 फरवरी 2026 को सामने आई थी, जब मंदिर से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अज्ञात चोरों ने रात के समय मंदिर में घुसकर धातु के दो रानी हार (कीमती करीब 4800 रुपये) चुरा लिए थे। इसके अलावा, दान पेटी का ताला तोडक़र उसमें रखी नकदी भी पार कर दी थी।सीसीटीवी फुटेज से मिला सुरागमामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गहलोत के निर्देश पर टीआई अनिता सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देकर भागता हुआ कैद हो गया।गांव का ही निकला आरोपीतकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम बुधासा निवासी भैरू सिंह पिता चंदर उर्फ रामचंद्र मालवीय को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दोनों रानी हार और 1091 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# नेमावर स्थित पवित्र नर्मदा नदी घाट क्षेत्र हुआ पूर्णतः सीसीटीवी लैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा 01 नवम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिलें में "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" प्रारंभ किया गया है,जिसके अंतर्गत ज़िला पुलिस द्वारा लगातार ज़िलेवासियों को स्वेच्छापूर्वक अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु अभिप्रेरित किया जा रहा है । इसी अनुक्रम में थाना नेमावर अन्तर्गत स्थित नर्मदा घाट एवं नेमावर कस्बा अन्तर्गत पुलिस एवं आम जनों ने मिसाल क़ायम करते हुवे नगर एवं नर्मदा घाट की सुरक्षा हेतु स्थानीय पुलिस के अभिप्रेरण पर नर्मदा घाट एवं कस्बा नेमावर अन्तर्गत के 20 चिन्हित स्थानों पर क़रीब 10 लाख की राशि पुलिस एवं जनसहयोग से एकत्रित कर कुल 57 नये सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित किए हैं उक्त सभी 20 स्थानों का चयन से देवास पुलिस द्वारा ₹सुरक्षा ऑडिटर₹ के आधार पर किया गया था जिसमे कस्बा नेमावर अन्तर्गत चोरी-गृहभेदन,महिला/बालिकाओं के साथ छेड़छाड़,प्रमुख त्यौहारों के दौरान जुलूस मार्ग,प्रमुख बाजार आदि समस्त आयामो को ध्यान में रखा गया था। साथ ही नर्मदा नदी के पवित्र नेमावर घाट क्षेत्र को श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पूर्णतः सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। विशेष रूप से अमावस्या, पूर्णिमा, मकर संक्रांति, सोमवती अमावस्या, कार्तिक पूर्णिमा, महाशिवरात्रि एवं अन्य प्रमुख धार्मिक पर्वों पर हजारों श्रद्धालु नर्मदा स्नान एवं पूजा-अर्चना हेतु घाट पर उपस्थित होते हैं। इन अवसरों पर भीड़ नियंत्रण, स्नान घाटों की सुरक्षा, मंदिर परिसर, प्रवेश-निकास मार्ग एवं पार्किंग स्थलों पर 24×7 सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित की गई है। सभी कैमरे कंट्रोल रूम से जुड़े हुए हैं, जहाँ से सतत मॉनिटरिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत नर्मदा घाट एवं कस्बा नेमावर में स्थापित 57 सीसीटीव्ही कैमरों के इस नेटवर्क का लाइव-फीड स्थानीय स्तर पर नगर में ही प्रदान किया गया है, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पैनी नज़र रखा जाना संभव हो सकेगा । एसपी ने उक्त उपलब्धि पर कस्बा नेमावर के समस्त ग्रामवसियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की है तथा इस उपलब्धि हेतु सतत प्रयत्नशील रहने वाले एडिशनल एसपी सौम्या जैन, एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी, थाना प्रभारी नेमावर प्रदीप राय एवं समस्त थाना स्टाफ की प्रशंसा की है।

# भरण-पोषण का भुगतान न करने वाले दो वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



प्रदेश भर में हेल्पिंग हैण्ड अभियान चलाया जा रहा है जिसमें भरण-पोषण वारंटो की तामीली को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में भरण-पोषण के वारंटो की तामीली मिशन स्तर पर किया जा रहा है। इसी के चलते पुलिस थाना कमलापुर द्वारा न्यायालय बागली के प्रकरण का आरोपी योगेश पिता सुभाष सोनी निवासी सात मील इंदौर जिला इंदौर का लगभग 02 वर्ष से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था। थाना प्रभारी कमलापुर उनि सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में "ऑपरेशन हेल्पिंग हैंड" के तहत विशेष टीम गठित की गई । टीम द्वारा आरोपी को मंगलवार को जिला इंदौर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# स्वास्थ्य केंद्र में मातृ-शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेम्स बैक द्वारा जिलाधीश के निर्देशन में मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु को रोकने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गर्भवतियों का समय पर रजिस्ट्रेशन करते हुए हाई रिस्क का चिन्नांकन करने के निर्देश दिए गए।

7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती को ब्लड ट्रांसफ्यूजन चढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने, रोगी कल्याण समिति से 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दिलवाने, हाई रिस्क पर सतत देखरेख, स्वास्थ्य देखभाल करने निर्देश दिए गए जिससे क्षेत्र में होने वाली मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके। साथ ही आयुष्मान कार्ड एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला स्तर की टीम से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माया कल्याणी एवं डीपीएच एनओ सुनीता सक्सेना द्वारा आठ मातृ मृत्यु की गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पाई गई कमियों को सुधारने हेतु मेडिकल ऑफिसर एवं क्षेत्रीय टीम को निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित नागर, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. ऋषि श्रीवास्तव डॉ. अनीश गोरी, डॉ. हरीश कोरी, डॉ. राहुल बालोदिया डॉ. अनिल धनगर बीईई आर एस चौहान, बीपीएम रतन जामले, बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, सुपरवाजर नंदकिशोर मोहवाल, भगत राठौर, निलेश रातौर, मुकेश उपाध्याय , शिवा कनाशिया, किशोर मण्डलोई, सिताराम सोलंकी, प्रकाश भार्गो सीएचओ' एन एम एमपीडब्ल्यू आशा सुपरवाइजर आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जनगणना संबंधी जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# जनगणना में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यानः ऋतुराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जनगणना संबंधी जिला समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर संजीव जैन, जनगणना जिला प्रभारी देवास जनगणना कार्य निदेशालय सोनिका गर्ग, जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जनगणना संबंधी नियम और निर्देशों तथा निर्धारित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में जनगणना कार्य को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जनगणना की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी। इन्हें विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की जा रही है। जिले में 17 से 20 फरवरी तक अलग-अलग स्थलों पर संबंधितों को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। जनगणना में गुणवत्ता और उच्च स्तर से प्राप्त नियमों और निर्देशों का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि जनगणना का पहले चरण में घर-घर जाकर मकानों की सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। इस दूसरे चरण में डिजिटल माध्यम से घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनसंख्या 2027 के लिए संदर्भ तारीख एक मार्च 2027 होगी। कलेक्टर ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सोनिका गर्ग द्वारा पीपीटी के माध्यम से जनगणना संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें एप्लीकेशन के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। जनगणना के समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग सेन्सस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम(CMMS) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निवासियों को अपना जनगणना डेटा स्वयं ऑनलाइन भरने की सुविधा प्रदान करने के लिए स्वगणना वेब पोर्टल विकसित किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जनगणना दो चरणों में की जाएगी। जनगणना 2027 का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। प्रथम चरण में प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर दस्तक देकर मकान सूचीकरण का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। मकान सूचीकरण के कार्य के लिए स्वगणना का विकल्प 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रथम चरण के पूर्व 15 दिन तक उपलब्ध रहेगा। मकान सूचीकरण के कार्य में प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा शासन द्वारा अधिसूचित सवाल पूछे जाएगें। दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी, 2027 में होगा। जनसंख्या की गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। साथ ही व्यक्तियों के सम्बन्ध में अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे- आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक क्रियाकलाप, प्रवास, प्रजननता विवरण इत्यादि पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। आगामी जनगणना वर्ष 1872 से सोलहवीं एवं स्वतंत्रता के बाद की आठवीं जनगणना होगी। जनगणना से संबंधित विभिन्न कार्यकलापों का निष्पादन जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। जनगणना के दौरान संकलन व्यक्तिगत जानकारियाँ पूर्णतः गोपनीय होती हैं और इसे किसी अन्य के साथ साझा नहीं किया जाता है। साथ ही एकत्रित की गई व्यक्तिगत जानकारी को कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। जनगणना 2027 के प्रगणक, पर्यवेक्षक या कोई अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के ओटीपी या बैंक डिटेल्स की मांग नहीं की जाएगी।

# भौरासा विद्युत मंडल ने चलाया वसूली अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में बुधवार को भौरासा विद्युत मंडल के अधिकारी मंसूर अली द्वारा विद्युत बकायदारों के विरुद्ध वसूली अभियान चलाया गया, जिसमे अधिकारी मंसूर अली द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल की बकाया राशि जमा नहीं करने पर ऐसे उपभोक्ता जिन पर 10 हजार रुपये से अधिक की बकाया राशि है उन लोगों के कनेक्शन काटने की प्रभावी करवाई की गई है जिसमें 18 उपभोक्ताओं पर 2 लाख 35 हजार की बकाया राशि होने पर कनेक्शन काट दिए गए हैं जिसके बाद उपभोक्ताओ के द्वारा ऑफिस में आकर हंगामा भी किया गया लेकिन अधिकारी मंसूरी द्वारा कहा गया कि जब तक बकाया बिल की राशि जमा नहीं की जाती है तो कनेक्शन जोडा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप



### शक्ति पाठक को सौंपी जिम्मेदारी

**ललितपुर।** भारतीय महिला अधिकार संरक्षण संस्थान ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा एवं महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव रेखा तिवारी के अनुमोदन एवं मंडल प्रभारी प्रमोद बबेले की संस्तुति पर जिले की वरिष्ठ महिला समाजसेवी शक्ति पाठक को संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संस्थान द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से उन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष (कानून), बुंदेलखंड प्रांत के पद पर मनोनीत किया गया है। संस्थान के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि श्रीमती शक्ति पाठक का मनोनयन संगठन के अभियान को मजबूती प्रदान करने, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया गया है। संस्थान को आशा है कि वे संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए महिला अधिकार संरक्षण अभियान का विस्तार करेंगी और इसके कार्यों को सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उल्लेखनीय है कि शक्ति पाठक शहर के मोहल्ला आजादपुरा की कॉलोनी में निवासरत हैं और सामाजिक कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता पहले से ही सराहनीय रही है। उनके मनोनयन से बुंदेलखंड क्षेत्र में महिला अधिकारों से जुड़े मामलों को कानूनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संस्थान के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने शक्ति पाठक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में महिला अधिकार संरक्षण संस्थान का अभियान और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ेगा।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष को पितृशोक

**ललितपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा, महेश संज्ञा, दिनेश संज्ञा एवं नवदीप संज्ञा के पूज्यनीय पिताजी राधेलाल संज्ञा का उपचार के दौरान भोपाल में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि स्व.राधेलाल संज्ञा अपने सरल, मिलनसार एवं सामाजिक स्वभाव के लिए जाने जाते थे। वह अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका इलाज भोपाल में चल रहा था। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा सामाजिक संगठनों के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना की।

### आरती मीना जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**विदिशा।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे व प्रदेश सचिव जयंत अग्रवाल की अनुशंसा पर संगठन के जिलाध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने छात्रा नेता आरती मीना को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर रागिनी मीना, सोहानी शर्मा, हिना मीना, चेष्ठा, सानिया, संध्या, कीर्ति, रुद्रांश शर्मा, सोमिल अग्रवाल, कृष्णा सोनी, कोशिश साराठे, रिहान मंसूरी, कार्तिक मालवीय ने बधाई दी है।

### मारपीट के 3 दोषी को एक-एक साल की सजा

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवानी चतुर्वेदी की अदालत ने मारपीट के प्रकरण में 3 आरोपी दशरथ सिंह (45), लक्ष्मण सिंह (48) और बृजेश अहिरवार निवासी ग्राम पीपलखेड़ा थाना करारिया, को दोषी पाते हुए प्रत्येक को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 19 अप्रैल 2020 की शाम फरियादी सुग्रीव अहिरवार घर पर गाना सुन रहा था, तभी आरोपियों ने विवाद कर डंडों से मारपीट की। जिससे उसे और बीच-बचाव करने आए परिजनों को चोटें आईं। घटना की सूचना पर थाना करारिया में एफआईआर दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया।

---

### जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास

# पुलिस ने जागरूकता अभियान में साइबर अपराध से बचाव करने के तरीके बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को सतर्क करने के उद्देश्य से थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल द्वारा बुधवार को साइबर क्राइम जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के नागरिकों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने साइबर बुलिंग, ऑनलाइन स्टॉकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, आइडेंटिटी थेफ्ट सहित अन्य साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लोगों को डीप फेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर फ्रॉड के तरीकों से भी अवगत कराया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और केवल प्ले स्टोर या आईओएस जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही ऐप डाउनलोड करें। बैंकिंग से जुड़ी कोई भी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए कहा गया कि बिना सत्यापन किसी भी पोस्ट को साझा न करें, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और सभी सुरक्षा फीचर सक्रिय रखें। इसके अलावा, कॉल के माध्यम से मिलने वाले किसी भी तरह के लालच, ऑफर या धमकी से सावधान रहने तथा सभी डिजिटल अकाउंट और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन अनिवार्य रूप से ऑन रखने की बात कही गई। पुलिस ने बताया कि यदि किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है तो पीड़ित तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, पोर्टल या बेवसाइड पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही नजदीकी थाना या डायल-112 पर सूचना देकर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित कराएं, ताकि साइबर अपराध के गोल्डन ऑवर में वित्तीय नुकसान को रोका जा सके।




### एटीएम में बुजुर्ग महिला से 40 हजार की ठगी

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में एटीएम के भीतर बुजुर्ग महिला से ठगी का मामला सामने आया है। पिसनारी बाग निवासी 75 वर्षीय महिला के खाते से अज्ञात महिला द्वारा 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता पुष्पलता ठाकुर पत्नी महेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 फरवरी 2026 को वह एसबीआई बैंक स्टेशन रोड स्थित एटीएम पर पासबुक की एंट्री कराने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात महिला ने चालाकी से उनके बैंक खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गई। पीड़िता को घटना की जानकारी बाद में हुई। पीड़िता के अनुसार पूरी घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें संदिग्ध महिला स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। घटना के बाद पीड़िता ने बैंक व पुलिस से शिकायत की। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में ललितपुर 75 जिलों में पहले पायदान पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में जिले को एक बड़ी उपलब्धी मिली है, सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले को राजस्व और विकास कार्यों में प्रथम स्थान मिला है, जिससे जिले में अब अन्य जिलों की रैंकिंग में सबसे पहले पायदान पर पहुंच गया है। डीएम की दूरदर्शी सोच के चलते राजस्व एवं विकास कार्यों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। इसके लिए उन्होंने अपनी प्रशासनिक टीम की प्रसंशा करते हुए इसी लगन से कार्य करने के निर्देश दिये हैं। विकास को परखने के लिए सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह कई सूचकांकों पर राजस्व व विकास कार्यों का डाटा अपलोड किया जाता है, जिससे प्रदेश के सभी जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके लिए प्रतिमाह जिलाधिकारी सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश जारी करते हैं। हालही में डीएम ने कम प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को सुधार का अल्टीमेटम देते हुए प्रगति सुधारने के निर्देश दिये थे, जिसके चलते इस माह जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है, जहां रैंकिंग में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है। इससे न केवल जनपद के विकास को गति मिलेगी, बल्कि जिले में स्थानीय लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। डीएम ने बताया कि प्रदेश की रैंकिंग में ललितपुर को राजस्व व विकास मामलों में प्रथम स्थान मिला है, वहीं विकास कार्यों में दूसरा व राजस्व कार्यों में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग में अतिरिक्त ऊर्जा, अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांग पेंशन, नमामि गंगे, पंचायती राज, सामाजिक वानिकी, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई सहित अन्य विभागों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 में से 10 अंक प्राप्त किये हैं। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि डीएम के निर्देशन में राजस्व व प्रवर्तन कार्यों में तेजी आयी है, जिससे रैंकिग विगत माहों की अपेक्षा काफी सुधरी है। उन्होंने अपनी टीम में ईडीएम अंशुल खरे व अन्य कार्मिकों का उत्साह वद्र्धन करते हुए कहा कि इसी वेग के साथ राजस्व कार्यों को लक्ष्यों तक पहुचाना है।



# महिला से मारपीट व रंगदारी मांगने और पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, रंगदारी मांगने और शिकायत करने पर धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस पर भी प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। मड़ावरा कस्बा निवासी पूजा सोनी पत्नी रोहित सोनी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 25 जनवरी 2026 को वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोस के कुछ लोग व एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके व पति के साथ मारपीट की कर दरवाजा भी तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने 5 हजार रुपये की रंगदारी की मांग की। रकम देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद थाना मड़ावरा में शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। मजबूर होकर पीड़िता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उस पर भी सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि 4 फरवरी 2026 को जब पीड़िता ने उत्तर प्रदेश महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई तो दबाव में आकर स्थानीय पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद से पूरा परिवार भय के माहौल में जी रहा है और उनके पति घर से बाहर जाने को मजबूर हैं।



# सोशल मीडिया पर पत्रकारों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोशल मीडिया पर पत्रकारों के खिलाफ अशोभनीय और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए की गई एक पोस्ट इन दिनों तेजी से वायरल हो रही है। वायरल पोस्ट में पत्रकारों को अपमानजनक शब्द कहे गए हैं, जिससे पूरे पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पोस्ट फेसबुक आईडी से साझा की गई है, जो पठा के एक युवक के नाम से बताई जा रही है। पोस्ट सामने आने के बाद पत्रकार संगठनों और स्थानीय पत्रकारों ने इसे न केवल पत्रकारिता की गरिमा पर हमला बताया है, बल्कि इसे सामाजिक सौहार्द बिगाडऩे वाला कृत्य भी करार दिया है। पत्रकारों का कहना है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के खिलाफ इस तरह की अभद्र भाषा निंदनीय है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने मांग की है कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर नफरत और अपमान फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। मामले को लेकर संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से संज्ञान लेने की अपील की गई है।

पत्रकार समुदाय ने स्पष्ट कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी भी वर्ग का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि पोस्ट किसने और किस उद्देश्य से साझा की, लेकिन पत्रकार समुदाय की एकजुट मांग है कि दोषी को कानून के दायरे में लाकर कड़ी सजा दी जाए।

# लोकल ट्रक भाड़े तय करने हेतु ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक गल्ला मंडी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिखरचंद जैन ने व संचालन आनंद मोहन दुबे ने किया। बैठक में तय किया गया कि हाल्टिंग चार्ज प्रत्येक दशा में लिया जाएगा। ताकि ट्रक ऑपरेटर को नुकसान न हो। बैठक में ट्रक संचालकों ने वर्तमान ट्रक भाड़े को लेकर चिंता जाहिर की। सर्वसम्मति से विभिन्न स्थानों के लिए ट्रकों के भाड़े तय किए गए, यह सूची गल्ला व्यापारियों को दिए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मनमोहन चौबे, अनिल कुमार, गजेंद्र सिंह, इरफान अली, अफसर, मोहसिन, अब्दुल हसन, विन्द्रावन, धर्मेंद्र कुशवाहा, दीपचंद, जयपाल आदि भारी संख्या में ट्रक ऑपरेटर मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती भव्यता से मनाने के लिए तैयारी शुरू

# समिति के पदाधिकारी लोगों से अंशदान और विचार लेने के लिए नगर में जनसंपर्क कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान समिति संचालक पं.रमेश कुमार रावत के नेतृत्व में चंडी मंदिर, स्टेशन क्षेत्र में जनसंपर्क व अंशदान लेने हेतु हनुमान जयंती पर्व को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी संबंध में श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारी अंशदान व आप सभी के विचार लेने के लिए नगर में जनसंपर्क कर रहे है। नगरवासियों से समिति ने सुझाव भी मांगे हैं ताकि हनुमान जयंती पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा सके। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, अशोक पटैरिया, पं.जगदीश पाठक, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, पं.मुन्नालाल त्यागी, भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, कृष्णकांत तिवारी, पत्रकार पवन संज्ञा, शिवमोहन रिछारिया, के.के. साहू, आदि मौजूद थे।



# चावल कारोबार में 9 लाख की धोखाधड़ी का आरोप, जान से मारने की धमकी भी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

कोतवाली क्षेत्र में चावल कारोबार से जुड़ी एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। तालाबपुरा निवासी एवं भारती ट्रेडर्स प्राइवेट्स की प्रोपराइटर भारती जैन ने फर्म यश ट्रेडर्स प्राइवेट्स के प्रोपराइटर यश वर्मा तथा ब्रोकर सौरभ जैन के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, उनकी फर्म द्वारा चावल मंगाने के लिए ब्रोकर सौरभ जैन के माध्यम से यश ट्रेडर्स को ऑर्डर दिया गया था। आरोप है कि माल भेजने के नाम पर यश वर्मा ने एडवांस राशि की मांग की, जिस पर विश्वास कर 15 सितंबर 2025 को ऑनलाइन माध्यम से 9 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बावजूद न तो तय शर्तों के अनुसार चावल की आपूर्ति की गई और न ही पूरी रकम वापस की गई। शिकायत में बताया गया कि लगातार मांग के बाद 2 जनवरी 2026 को आरोपियों की ओर से मात्र 50 हजार रुपये वापस किए गए, जबकि शेष 8.50 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब शेष रकम और माल की मांग की गई तो आरोपियों ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से महिला व मासूम घायल

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क हादसे में महिला और एक वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पाली के ग्राम निवाई निवासी गौराबाई पत्नी स्व. जनकू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी 2026 को शाम करीब 4 बजे वह अपने भतीजे के इलाज के लिए ललितपुर आई थीं। इलाज के बाद वह अपनी दादी गौराबाई तथा एक वर्षीय भतीजे के साथ बाइक से वापस गांव लौट रही थीं। इसी दौरान मसौरा बैरियल के पास सामने से आ रही हीरो डीलक्स मोटर साइकिल (संख्या यूपी 94 डब्ल्यू 0579) के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे दादी गौराबाई के पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जबकि मासूम भतीजे को नाक व शरीर में तथा गौराबाई को हाथ-पैर में चोटें लगीं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दादी व मासूम को भर्ती किया गया। उपचार के बाद फिलहाल सभी घर पर रहकर इलाज करा रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इलाज में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी गई। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### जिनालय शाखा की बैठक संपन्न

# स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की तैयार करें रुपरेखा: श्रेयांस जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में सोमवार को सायं कालीन बेला में भारतीय जैन मिलन की एक आवश्यक बैठक क्षेत्र क्रमांक 13 के क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर श्रेयांस जैन गदयाना की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर सुरेश बाबू जैन एड, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर महेंद्र जैन पंचमनगर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गयी। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्याध्यक्ष अतिवीर ईव नेमिचंद्र जैन ने 15 फरवरी रविवार को जे डी का बाड़ा ललितपुर में आयोजित क्षेत्रीय अधिवेशन की विस्तृत जानकारी दी। अतिवीर सुरेश बाबू जैन एड ने बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालय शाखा से समय पर पहुँचकर सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रेयांस जैन गदयाना ने तालबेहट में स्वास्थ्य शिविर लगाने की रुपरेखा तैयार करने का विचार रखा। आगामी क्षेत्रीय अधिवेशन तालबेहट की दोनों शाखाओ के तत्वाधान में कराने पर विचार विमर्श किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार भंडारी एवं कोषाध्यक्ष चक्रेश जैन ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जैन मिलन के संरक्षक राकेश सतभैया, निर्देशक कपिल मोदी, मुख्य संयोजक हितेंद्र पवैया, विकास जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन बड़ौरा, स्वतंत्र जैन, आदेश विरधा आदि मौजूद रहे। अंत में जैन मिलन के अध्यक्ष विशाल जैन पवा ने आभार व्यक्त किया।

### उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना, पर्यावरण के प्रति जागरुक करना था

# स्कूली बच्चों ने शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत उद्यान भ्रमण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर स्थित स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने शैक्षिक गतिविधि के अंतर्गत स्थानीय चंद्रशेखर आजाद उद्यान का शैक्षिक भ्रमण किया। इस का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोडऩा, पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, फूलों, तितलियों और पक्षियों को करीब से देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधों के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण और हरियाली के लाभों के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से समझाया।

बच्चों ने झूले, फिसलपट्टी एवं अन्य खेल गतिविधियों का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में उद्यान अधिकारी रंजीत यादव का विशेष सहयोग मिला। उद्यानकी में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और बच्चों को उद्यान को स्वक्ष बनाए रखने का संकल्प दिलाया। प्रबंधक स्वप्निल बरया ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इस दौरान शिक्षिकाओं अंकिता पुरोहित, स्वेच्छा जैन, सोनाली खरे, निहारिका लखेरा, अंशिका जैन, ऋषिका चौधरी, कनिष्का तिवारी एवं नैंसी सोनी ने बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा। इस सफल आयोजन के लिए अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की और बच्चों के लिए ऐसे व्यावहारिक अनुभवों को अत्यंत उपयोगी बताया।



पेयजल स्त्रोत की जांच के बाद हकीकत आई सामने, नप ने लगाए सूचना बोर्ड

# कुरावर में जल संकट ! 6 जल स्त्रोतों का पानी पीने योग्य नहीं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-कुरावर

विगत महीने इंदौर में दूषित पानी पीने से बीमार हुए लोगों की मौत की घटना के बाद से प्रदेश भर में पेयजल स्त्रोत की जांच की गई। इसी के चलते कुरावर नगर में स्थित विभिन्न जलस्त्रोत की कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी नरसिंहगढ़ के निर्देश पर नगर परिषद कुरावर द्वारा निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित शासकीय कुओं और निजी कुड़ियों के जल के नमूने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग द्वारा जांचे गए। जांच रिपोर्ट में नगर के 6 जलस्त्रोत का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया है। नगर में करीब 30 हजार की आबादी है तथा नगर में 15 वार्डों के निवासी पेयजल के लिए निजी जलस्त्रोत का उपयोग वर्षों से करते चले आ रहे हैं।

### इन वार्डों का पानी नहीं है पीने योग्य

विगत दिनों हुई जांच में नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले कई जल स्त्रोतों का पानी दूषित पाया गया है, जो कि पीने योग्य नहीं है। इनमें वार्ड क्रमांक 01 राम मंदिर के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 11 आरामशीन के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 12 हाट बाजार के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 13 शासकीय पार्क स्थित ट्यूबवेल का पानी, वार्ड क्रमांक 10 संतोष वाल्मीकि की कुंडी का पानी, वार्ड क्रमांक 07 सुनील सक्सेना की कुंडी का पानी आदि दूषित पाया गया है।

### अपील - न पिएं जल स्त्रोतों का पानी

नगर परिषद सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि आदेश अनुसार हमने सभी स्थानों पर बोर्ड लगा दिया गया है और स्वच्छ बनाने के लिए सभी तरह के उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नगरवासियों से अपील की है कि वे इन जल स्त्रोतों का पानी पीने से बचें और स्वच्छ पेयजल के लिए अन्य विकल्पों का उपयोग करें।

### करोड़ों की जलावर्धन योजना भी फेल

2017 से म.प्र सरकार के एम.पी.यू.डी.सी द्वारा स्वीकृत करोड़ो रूपए की जल आवर्धन योजना के अंतर्गत रियान वाटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कुरावर नगर के 15 ही वार्डों में पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन के माध्यम से हर घर नलों से शुद्ध जल देना था परंतु 8 साल बीत गए यह भी फिसड्डी ही साबित हुई। सरकार द्वारा करोडों खर्च करने के बाद भी नगरवासी पानी के लिए परेशान ही दिखाई दे रहे हैं।

प्रशासन की लापरवाही उजागर

# दो साल से बिना लाइसेंस चल रहा स्लॉटर हाउस




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

प्रदेश की राजधानी भोपाल में हाल ही में बड़े स्तर पर गो मांस जब्ती की कार्रवाई के बाद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता सामने आ रही है। सारंगपुर नगर में संचालित स्लॉटर हाउस बिना किसी वैध लाइसेंस के खुलेआम पशु वध का कार्य कर रहे हैं, वो भी विगत दो वर्षों से लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले से पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार सारंगपुर में वर्तमान में दो स्लॉटर हाउस संचालित हैं, जिनमें नगर पालिका परिषद अथवा सक्षम विभाग से कोई वैध अनुमति या लाइसेंस नहीं लिया गया है। इसके बावजूद प्रतिदिन यहां पशुओं का वध किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल शासन के नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि जनस्वास्थ्य, पर्यावरण और कानून-व्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्लॉटर हाउस के आसपास गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्थित अपशिष्ट फैल रहा है। इससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि जब पूरे प्रदेश में पशुओं के संरक्षण को लेकर सख्त निर्देश जारी हैं और भोपाल जैसे बड़े शहर में कार्रवाई हो रही है, तब सारंगपुर में बिना लाइसेंस पशु वध का संचालन प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। इससे असामाजिक तत्वों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं। गोभक्तों ने मांग की है कि बिना लाइसेंस संचालित स्लॉटर हाउस को तत्काल बंद किया जाए।

### इनका कहना है...

23 दुकानदारों को लाइसेंस के नोटिस जारी किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी से मार्गदर्शन लेकर लाइसेंस जारी करेंगे।

ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर

कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित

# आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




भैंसवा माता में सोमवार को कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा स्तरीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी और संजय कामले ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। पटवारी ने अपने संबोधन में बीजेपी नेताओं को कोसते हुए कहा की बीजेपी के पाखंड को कैसे तोड़े यह जनता को बताना है। इनको हिन्दू धर्म से कोई लेना देना नहीं है। हिन्दू धर्म से भी कोई लेना देना नहीं है। हिन्दू वोट चाहिए इनको इनका पाखंड याद दिलाते रहना है। हमें हिन्दू धर्म ने सिखाया वसूधेव कुटुंबकम की बात। इंसान से इंसान, मानवता पेड़ पौधे और प्रकृति से प्रेम इसकी हम सब मिलकर रक्षा करें। हम तो बीजेपी के साथियों से भी नफरत नहीं करते हैं जो हमें रोज किसी न किसी तरह की यातना देते हैं। इनको मुसलमानों से नफरत, दलितों से नफरत, कांग्रेसियों से नफरत, इसीलिए वो ज्यादा हिन्दू बनते हैं, इनको असली हिन्दू नहीं बनना है। इधर मंदिर जाएंगे और उधर मुर्गे खाएंगे। कोई एक बीजेपी का नेता जो अभी हिन्दू सम्मेलन में आया था, एक लाकर बता दो जो हिन्दू सम्मेलन में गया और मुर्गा नहीं खाता हो सहित अन्य बाते कही।

वहीं कांग्रेसनेत्री रचना भार्गव ने सम्बोधित करते हुए कहा की भाजपा ने गायों के नाम पर वोट लिए लेकिन गाय दर-दर भटक रही है। भाजपा ने सिर्फ रिश्वत लेने का काम किया है। एक वो पार्टी है जो झूठ बोलती है और दूसरी और कांग्रेस पार्टी जनहित और जनता के लिए काम करती है। जो काम कांग्रेस ने किए भाजपा उन पर लेवल लगाने का काम कर रही है। इस दौरान पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय, कृष्णमोहन मालवीय, अजा नेता राधेश्याम सोमतिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी मंडलम अध्यक्ष सहित सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीनदयाल रसोई संचालन को लेकर निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर


कार्यालय कलेक्टर (शहरी विकास) जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म०प्र०

प्रति,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारंगपुर
जिला राजगढ़

दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत सारंगपुर में रसोई केंद्र संचालन के लिए जारी की गई ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में जय मां गौरी महिला स्वयं सहायता समूह, सांची जिला रायसेन द्वारा जिला शहरी विकास अभिकरण राजगढ़ एवं नगर पालिका परिषद सारंगपुर को आवेदन प्रस्तुत कर निविदा प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा दीनदयाल रसोई संचालन हेतु 19 नवंबर 2025 को ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया था। आवेदनकर्ता संस्था ने बताया कि उन्होंने निर्धारित शर्तों के अनुसार निविदा प्रक्रिया में भाग लिया था और सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा किए थे। संस्था का दावा है कि उन्हें रसोई संचालन का लगभग 9 वर्षों का अनुभव है तथा अन्य जिलों में भी सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। संस्था ने आरोप लगाया है कि निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और गलत तरीके से अन्य संस्था का चयन कर लिया गया। आवेदन में दोनों संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और ऑनलाइन प्रमाण पत्रों की पुनः जांच कर सही संस्था का चयन करने की मांग की गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास विभाग राजगढ़ द्वारा नगर पालिका परिषद सारंगपुर को पत्र जारी कर प्राप्त शिकायत के आधार पर आवश्यक जांच और कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभाग द्वारा अब निविदा प्रक्रिया के दस्तावेजों का परीक्षण किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर नगर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और सभी की नजर अब प्रशासन की जांच और अंतिम निर्णय पर टिकी हुई है।

### इनका कहना है...

हां शिकायत प्राप्त हुई है, पुनः जांच की जा रही हैं। -ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी हुई मोटर साइकिल की गई बरामद

**आरोन थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

आरोन थाना पुलिस द्वारा मोटर सायकिल चोरी के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर सायकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 सितंबर 2025 को फरियादी नरेश पुत्र लालाराम अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम देहरीकला, थाना आरोन द्वारा अपनी बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल क्रमांक MP08 ZA 6693 के अपने गांव देहरीकला से चोरी होने की रिपोर्ट आरोन थाने पर दर्ज कराई गई थी। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोन पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी पहचान हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों का विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी के सघन प्रयास किये गए। आरोन थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी हल्के पुत्र मोजीलाल अहिरवार उम्र 31 साल निवासी ग्राम देहरीकला थाना आरोन हाल शारा कॉलोनी आरोन जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया एवं जिसके कब्जे से चोरी हुई मोटर साइकिल बरामद की।



# स्मैक के तस्कर को पुलिस ने दबोचा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

राजगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा बाहरी तस्कर को स्मैक सप्लाई करने जा रहे आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से पकड़ा गया। सूचना मिली कि संकट मोचन निवासी मेहरबान तंवर नाम का व्यक्ति अपनी मोटरसाइकल के टंकी के कवर में अवैध मादक पदार्थ हेरोइन को लेकर किसी बाहरी तस्कर को देने जा रहा है। इस पर राजगढ़ पुलिस ने अपनी टीम को एक्टिव करते हुए जो समय पर नहीं पहुंचने पर बाहर निकल त्वरित कार्यवाही की गई जिससे आरोपी तस्कर को समय रहते पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्त मशरूका को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया। प्रकरण में अपराध क्रमांक 77/26 धारा 8,21 एनडीपीएस एक्ट 1985 का पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने स्मैक 9.38 ग्राम वजनी कीमती 80 हजार व डीलक्स मोटरसाइकिल कीमती 80 हजार को जब्त किया है।

# जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किए जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। कलेक्टर द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों ने लाभ लिया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न आर्थिक सहायता प्रकरणों में आवेदकों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। जनसुनवाई में तहसील चांचौड़ा निवासी मुकेश पुत्र नन्नूलाल लोधा, तहसील राघौगढ़ निवासी अनुसुईया पत्नी स्व. पुखराज लोधा, ग्राम ढोलबाज निवासी राम प्रसाद अहिरवार तथा ग्राम मावन निवासी चरण सिंह पुत्र गंगाराम अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता की मांग की गई थी।

10वीं में 20 हजार 19 तो 12वीं में 14 हजार 847 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

# बोर्ड परीक्षाएं शुरू, जिले के 34 हजार 866 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




राजगढ़ जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। जिसमें 12वीं के जिले के 63 परीक्षा केंद्रों पर कुल 14,847 परीक्षार्थी शामिल हुए। शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में नियमित और स्वाध्यायी मिलाकर कुल 34,866 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें कक्षा 10वीं के 20,019 और कक्षा 12वीं के 14,847 विद्यार्थी हैं। परीक्षा अवधि के दौरान ब्लॉक और जिला स्तर पर गठित उड़नदस्ते लगातार निगरानी कर रहे हैं। परीक्षा को नकलमुक्त और अनुशासित बनाए रखने के लिए इस बार सख्त व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी में लगे शिक्षक-शिक्षिकाओं के मोबाइल फोन लॉकर में बंद कराए गए। इससे परीक्षा कक्षों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाहरी संपर्क की संभावना समाप्त हो गई।

भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर हुआ विमर्श

# शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़




शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहगढ़ में मंगलवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय ज्ञान परंपरा रू विज्ञान, संस्कृति एवं दर्शन का समन्वय का शुभारंभ हुआ। सेमिनार का उद्घाटन विधायक मोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने की। उद्घाटन सत्र में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु डॉ. एस. के. जैन तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुशील कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से किया गया। मुख्य अतिथि मोहन शर्मा ने भारतीय संस्कृति और दर्शन को राष्ट्र की चेतना बताते हुए युवाओं को इससे जुड़ने का आह्वान किया।

कुलगुरु डॉ. एस. के. जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान, संस्कृति और दर्शन के समन्वय पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने वैदिक काल में भारत के महान दार्शनिक चिंतन को वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिक बताया। शैक्षणिक सत्र में डॉ. रमाकांत भारद्वार (एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता) ने वैदिक गणित तथा डॉ. देवीदास कल्लापा बामणे संघर्ष (महाराष्ट्र) ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिंदी के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्र में हरीश मिश्रा, डॉ. फारूक पठान, कु. खुशी गुप्ता सहित शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जल स्त्रोतों का किया प्रशासनिक निरीक्षण

# नगर की जल आपूर्ति सुदृढ़ करने नगरपालिका ने कसी कमर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

वर्षों से चली आ रही नगर की पेयजल समस्या के समय रहते समाधान करने की दिशा में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष ग्रीष्मकाल में नगरवासियों को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख जल स्त्रोतों का प्रशासनिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत कुसलपुरा स्थित फिल्टर प्लांट एवं इंटकवेल, जहां से नगर में जलापूर्ति की जाती है, की तकनीकी एवं परिचालन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। साथ ही घोड़ा पछाड़ नदी से जल लाने वाले जलालपुरा स्थित फिल्टर प्लांट की जल संग्रहण क्षमता, शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं वितरण प्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी स्थिति में नगर की पेयजल व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रख-रखाव, आवश्यक मरम्मत कार्य, अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर इंजीनियर राहुल गुप्ता, जल विभाग के शाखा प्रभारी रमेश यादव एवं पार्षद गोपाल जाटव उपस्थित रहे।

### गर्मियों में पेयजल सप्लाय स्थिती हो जाती है भयावह

ब्यावरा का वर्षों का इतिहास बताता है कि गलत प्रबंधन के चलते गर्मियों में नगर की स्थिती इतनी बिगड जाती है कि 7 दिन में एक बार पानी की सप्लाई हाती है इस स्थिती में नगरवासी रहने को मजबूर रहते है। करोडों की योजनाओं के बाद भी पानी की समस्या जस के तस बनी हुई है। अब देखना यह है किइस साल अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह के प्रयास क्या रंग लाते है।